भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - †1907

उत्तर देने की तारीख- 19/12/2022

ईंधन जैसे वन उत्पाद

†1907. श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:

श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वन क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए कम कीमत पर ईंधन और अन्य उपयोगी वस्तुओं जैसे वन उत्पाद उपलब्ध कराने की कोई योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो पिछले वर्षों के दौरान कीमतों के रिकॉर्ड को दर्शाते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) से (ग): जनजातीय कार्य मंत्रालय ने ईंधन के रूप में उपयोग किए जाने वाले वन उत्पादों और अन्य उपयोगी वस्तुओं को कम कीमतों पर उपलब्ध कराने की कोई योजना आरंभ नहीं की है, तथापि, अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अंतर्गत वन अधिकार धारकों को अधिनियम और नियमों (विनियमों) के अनुसार लघु वन उपज/उत्पाद का एकत्रण और उपयोग करने के प्रावधान दिये गये हैं।

*****